प्रादेशिक समाचार
25.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के लोगों की सुविधा के लिए दो नई रेल लाइन निर्माण की रखी मांग।

2. गिरिडीह में मंत्री चमरा लिंडा ने छात्रों के बीच किया साइकिल वितरण, कहा छात्रों के स्टाइपेंड में देरी के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार।

3. मुख्य सचिव अलका तिवारी ने झारखंड में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल खोलने के दिए निर्देश, तिलैया सैनिक स्कूल में नई जलापूर्ति योजना होगी बहाल, स्कूल कर्मचारियों को पेंशन लाभ का निर्णय विचारधीन।

4. केंद्र सरकार ने अश्लील कंटेंट पर सख्त कार्रवाई करते हुए 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को बंद करने का दिया आदेश, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को इन प्लेटफॉर्म्स की सार्वजनिक पहुंच रोकने का निर्देश।

5. मौसम विभाग ने कल राज्य के दक्षिण–पश्चिमी जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा की जारी की चेतावनी, वज्रपात से सतर्क रहने की अपील।

******************

पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर दो लंबित रेल परियोजनाओं पर चर्चा की। इनमें गया से रफीगंज इमामगंज–डालटनगंज और बरवाडीह–चिरिमिरी–अंबीकापुर नई रेलवे लाइन शामिल हैं। सांसद ने इन परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन की मांग करते हुए कहा कि इससे झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

******************

गिरिडीह के बदडीहा में स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में आज अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने स्कूली बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद थे। पत्रकारों से बातचीत में श्री लिंडा ने बताया कि केंद्र से राशि नहीं मिलने के कारण छात्रों को समय पर स्टाइपेंड नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि उनके स्वस्थ होने तक उन्हें झारखंड नहीं लाने का अनुरोध किया गया है।

******************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने झारखंड में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल की स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। आज सैनिक स्कूल तिलैया से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर हुई बैठक में उन्होंने स्कूल की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही तिलैया स्कूल में 9 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से नई जलापूर्ति योजना बहाल करने का निर्णय लिया गया, जिसकी तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही, स्कूल कर्मियों के पेंशन एवं अन्य लाभों को राज्य सरकार द्वारा वहन करने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है।
मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। उन्होंने रांची के मोरहाबादी मैदान और दुमका के पुलिस लाइन में होने वाले मुख्य समारोह की सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

******************

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन– डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के परीक्षण रेंज से ड्रोन संचालित गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह परीक्षण कुरनूल में किया गया। उन्होंने कहा कि इससे भारत की रक्षा क्षमता बढेगी।

*****************

केंद्र सरकार ने अश्लील और अशालीन सामग्री दिखाने वाले 25 ओटीटी वेबसाइट और एप्स को बंद करने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि इन प्लेटफॉर्म से दिखाई जा रही कुछ सामग्री गंभीर रूप से अश्लील और अनुचित है। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है कि प्रतिबंधित सामग्री उपलब्ध कराने के आरोप में 25 वेबसाइटों को भारत में सार्वजनिक पहुंच से वंचित करें।

*****************

हजारीबाग में पेशे से दर्जी पिता और सहिया मां के पुत्र मोहम्मद खुर्शीद अंसारी ने जेपीएससी परीक्षा में 78वां रैंक हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि किराए के मकान में रहकर मेहनत से उन्होंने यह सफलता पाई।

इधर जेपीएससी परीक्षा में सफल गौतम गौरव और कृष्णा कुमार शुक्ला को लोहरदगा उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। गौतम को चौथा और कृष्णा को छियानबेवां रैंक मिला है।

*****************

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में बिजली विभाग के पावर हाउस से तार स्क्रैप चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को डिटेन किया है। डी आई जी सह एस एस पी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि अपराधियों के पास से 40 बंडल स्क्रैप तार, एक स्कूटी और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

*****************

हजरीबाग जिले के किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिली राशि का उपयोग बेहतर कृषि के लिए कर रहे है।

*****************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के प्रभाव से कल राज्य के अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। साथ ही आशंका जताई है कि दक्षिण–पश्चिमी जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, जिसके मद्देनज़र चेतावनी जारी की गई है। लोगों को तेज बारिश और वज्रपात से सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

*******समाप्त********